Regarding establishment of educational institutes for higher and professional education in Kushinagar Parliamentary Constituency,

Uttar Pradesh-laid

श्री विजय कुमार दूबे **(**कुशीनगर**) :** देश के अंतिम छोर पर बसा हमारा लोकसभा क्षेत्र कुशीनगर भगवान बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली है । आज मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री को अवगत कराना चाहता हूँ कि कुशीनगर मे उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए संस्थानों की बहुत ही कमी है । कुशीनगर की धरती हमेशा से ही इस मामले मे पिछड़ा महसूस करती है । आज भी यहाँ के बच्चे उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों के तरफ ही जाते है । देश आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री मंत्री जी के नेतृत्व मे शिक्षा मे क्षेत्र मे काफी आगे निकल चुका है । आज मैं माननीय शिक्षा मंत्री से अनुरोध करता हूँ कि हमारे लोकसभा क्षेत्र कुशीनगर मे भी IIM, IIT, इंजीनियरिंग कॉलेज व अन्य व्यवसायिक पढ़ाई के लिए कॉलेज की स्थापना की जाए ।